# १२ हिंद महासागर में छोटा-सा हिंदुस्तान

**१ . सही उत्तर पर (✓) निशान लगाए।**

(क) मॉरिशस द्वीप का रकबा कितना आँका जाता है?

(i) 720 वर्गमील ☐ (ii) 750 वर्गमील ☐

(iii) 650 वर्गमील ☐ (iv) 450 वर्गमील ☐

(ख) मॉरिशस समुद्र से कितने मील दूर है?

(i) आठ मील ☐ (ii) दस मील ☐

(iii) बीस मील ☐ (iv) पंद्रह मील ☐

(ग) मॉरिशस में भारत के लोगों की जनसंख्या कितने प्रतिशत है?

(i) 50 प्रतिशत ☐ (ii) 40 प्रतिशत ☐

(iii) 67 प्रतिशत ☐ (iv) 75 प्रतिशत ☐

(घ) मॉरिशस में कितने प्रतिशत हिंदू हैं?

(i) 67 प्रतिशत ☐ (ii) 45 प्रतिशत ☐

(iii) 20 प्रतिशत ☐ (iv) 53 प्रतिशत ☐

(ङ) मॉरिशस में माध्यमिक स्कूलों को क्या कहने का रिवाज है?

(i) कॉलेज ☐ (ii) पाठशाला ☐

(iii) विद्यालय ☐ (iv) स्कूल ☐

(च) मॉरिशस में किस वस्त्र को पहनने का रिवाज हैं?

(i) साड़ी ☐ (ii) धोती-कुर्ता ☐

(iii) गाँधी टोपी ☐ (iv) पगड़ी ☐

(छ) मॉरिशस में सबसे अधिक उगाई जाने वाली फसल कौन सी है?

(i) कपास ☐ (ii) बाजरा ☐

(iii) चावल ☐ (iv) ऊख ☐

(ज) लेखक ने नैरोबी के नेशनल पार्क में कितने सिंह को देखा?

(i) पाँच-छह सिंह ☐ (ii) सात-आठ सिंह ☐

(iii) तीन-चार ☐ (iv) नौ-दस सिंह ☐

**२ .पाठ के आधार पर सही (√) या गलत (x) का निशान लगाए|**

(क) नैरोबी का नेशनल पार्क चिड़ियाघर है। ☐

(ख) लेकिन जंगल में सर्वत्र अच्छी सड़कें बिछी हुई हैं । ☐

(ग) हम उस जगह जा पहुँचे, जहाँ सिंह उस दिन जग रहा था। ☐

(घ) भारत-समुद्र का सबसे खूबसूरत सितारा है। ☐

(ङ) अंग्रेजी का मॉरिशस में व्यापक प्रचार है। ☐

**३ . कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) पर्यटक लोग ____________ को कभी-कभी फल या बिस्कुट खाने को दे देते हैं। (बंदरों, लंगूर)

(ख) मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मेरा ____________ बढ़ रहा है। (रक्तसाव, रक्तचाप)

(ग) मॉरिशस हिंद महासागर का ____________ है। (मोती, ज्योति)

(घ) मॉरिशस में ____________ की खेती की सफलता, भारतीयों के कारण मिली है। (चीनी, ऊख)

(ङ) मॉरिशस के प्रत्येक प्रमुख ग्राम में ____________ होता है। (शिवालय, देवालय)

**४ . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

(क) 'हिंद महासागर में छोटा-सा हिंदुस्तान' पाठ के लेखक की यात्रा कब और कहाँ से कहाँ के लिए शुरू हुई?

उत्तर . ____________________________________________________________

____________________________________________________________

(ख) नैरोबी का नेशनल पार्क कैसा है?

उत्तर . ____________________________________________________________

____________________________________________________________

(ग) मॉरिशस द्वीप कहाँ बसा है? उसकी लंबाई-चौड़ाई कितनी है?

उत्तर . ____________________________________________________________

____________________________________________________________

(घ) मॉरिशस के हिंदू शिवरात्रि पर क्या करते हैं?

उत्तर . ____________________________________________________________

____________________________________________________________

Free worksheets, Learning material, Practice tests & more at www.onepointlearning.com

(ङ) लेखक ने मॉरिशस को "छोटे पैमाने पर भारत " ही कहा हैं, क्यों?

उत्तर . ______________________________________________________________________

_________________________________________________________________________

**५ . नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

(क) इधर x ____________ (ख) धर्म x ____________

(ग) ग्राम x ____________ (घ) स्वच्छ x ____________

(ङ) पवित्रता x ____________ (च) सुरम्य x ____________

**६. नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

(क) खर = ____________ (ख) जनता = ____________

(ग) झुंड = ____________ (घ) कृषि = ____________

(ङ) उधोग = ____________ (च) जल = ____________

**७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए|**

(क) मॉरिशस की राजधानी = ____________________

(ख) मॉरिशस का प्रमुख धार्मिक पर्व = ____________________

(ग) मॉरिशस का प्रमुख उद्योग = ____________________

(घ) मॉरिशस की राजभाषा = ____________________

(ङ) मॉरिशस की प्रमुख जनभाषा = ____________________

(च) मॉरिशस का पिकनिक स्थल = ____________________

**८. मिलान कीजिए।**

| **कोलम अ** | **कोलम आ** | **उत्तर.** |
|---|---|---|
| 1. भोजपुरी | i. हिंदू तुलसीकृत रामायण | 1. ______ |
| 2. फ्रेंच | ii. अधिकांश बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग | 2. ______ |
| 3. मॉरिशस के हिंदुओं | iii. प्राणवती और चिरायु संस्कृति | 3. ______ |
| 4. भारतीय संस्कृति | iv. मॉरिशस की दूसरी जनभाषा | 4. ______ |
| 5. रामचरितमानस | v. अत्यन्त स्वच्छ और सुरम्य | 5. ______ |
| 6. मंदिरों और शिवालयों | vi. मॉरिशस की संस्कृति भाषा | 6. ______ |

Free worksheets, Learning material, Practice tests & more at www.onepointlearning.com

**९. नीचे लिखे गद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तरलिखिए|**

हिरनों के झुंड ने ताड़ लिया कि उन पर सिंहों की नज़र पड़ रही है। अतएव वे चरना भूलकर चौकन्ने हो उठे। फिर ऐसा हुआ कि झुंड से छूटकर कुछ हिरन एक तरफ़ को भाग निकले, मगर बाकी जहाँ-के-तहाँ ठिठके खड़े रहे। बाकी हिरन ठिठके हुए इसलिए खड़े थे कि सिंह उन्हें देख रहे थे और सहज प्रवृत्ति हिरनों को यह समझा रही थी कि खतरा किसी भी तरफ भागने में हो सकता है। शिकार सिंह सूर्यास्त के बाद किया करते हैं और शिकार वे झुंड का नहीं करते, बल्कि उस जानवर का करते हैं जो भागते हुए झुंड से पिछड़ जाता है। अब यह बात समझ में आई कि हिरन भागने को निरापद नहीं समझकर एक गोल में क्यों खड़े थे।

(क) हिरनों के झुंड ने क्या किया?

उत्तर: ___________________________________________________________________________

(ख) झुंड से छूटकर हिरनों ने क्या किया?

उत्तर: ___________________________________________________________________________

(ग) सिंह शिकार कैसे करते हैं?

उत्तर: ___________________________________________________________________________

**१०. पहचानकर लिखिए।**

(क) पशु-पक्षियों के रहने का स्थान, जंतुशाला। = ____________________

(ख) दूसरे देशों में घूमने-फिरने वाला। = ____________________

(ग) पृथ्वी के मध्य से जाने वाली रेखा, विषुवत रेखा। = ____________________

(घ) जीवित होने की अवस्था। = ____________________

(ङ) ज़मीन का वह भाग जो चारों ओर जल से घिरा हो। = ____________________

(च) किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र स्वरूप। = ____________________

**११. नीचे दिए गए शब्दों का अंग्रेजी, अरबी और फारसी भाषा के अतिरिक्त वर्गीकरण कीजिए।**

**इजाजत, पिकनिक, सर्विस, एयर इण्डिया, पैमाना, नेशनल पार्क, नज़र, रकबा, क्रिस्तान, मोटरों, बखूबी, बाकि, कोलेज**

| अंग्रेजी | अरबी | फारसी |
|---|---|---|
| | | |

**Answer**

१.

(क) 720 वर्गमील (ख) पंद्रह मील (ग) 67 प्रतिशत (घ) 53 प्रतिशत
(ङ) कॉलेज (च) गाँधी टोपी (छ) ऊख (ज) सात-आठ सिंह

२ .

(क) x (ख) √ (ग) x (घ) √ (ङ) x

३.

(क) बंदरों (ख) रक्तचाप (ग) मोती (घ) ऊख (ङ) शिवालय

४ .

(क) लेखक की यात्रा 15 जुलाई को दिल्ली से शुरू हुई थी। वह विभिन्न स्थानों से होते हुए मॉरीशस पहुंचे थे।

(ख) नैरोबी का नेशनल पार्क एक विशाल जंगल है जिसमें घास अधिक और पेड़ कम हैं। जंगल में अच्छी सड़कें बनी हुई हैं और पर्यटक वहाँ घूमने के लिए जाते हैं।

(ग) मॉरीशस द्वीप भूमध्य रेखा से लगभग 20 डिग्री दक्षिण और देशांतर रेखा 60 के पास, लेकिन पश्चिम की ओर बसा हुआ है। इसकी लंबाई लगभग 29 मील और चौड़ाई लगभग 30 मील है।

(घ) मॉरीशस के हिंदू शिवरात्रि के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके कंधों पर कांवर लिए जुलूस बाँधकर परी तालाब पर जाते हैं। वे तालाब का जल भरकर अपने-अपने गाँव के शिवालय को ले जाते हैं और शिवजी को जल चढ़ाते हैं।

(ङ) लेखक ने मॉरीशस को "छोटे पैमाने पर भारत" इसलिए कहा है क्योंकि मॉरिशस की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा भारतीय मूल का है। वहाँ हिंदी भाषा का व्यापक रूप से प्रयोग होता है। हिंदू धर्म और संस्कृति का वहाँ बहुत सम्मान है। मॉरिशस में भारतीय त्योहार और रीति-रिवाज मनाए जाते हैं। मॉरिशस के कई स्थानों के नाम भारतीय शहरों के नाम पर रखे गए हैं।

५ .

(क) उधर (ख) अधर्म (ग) नगर (घ) गंदा (ङ) अशुद्धि (च) भद्दा

६ .

(क) घास (ख) प्रजा (ग) समूह (घ) खेती (ङ) व्यवसाय (च) पानी

७ .

(क) पोर्टलुई (ख) शिवरात्रि (ग) चीनी (घ) अंग्रेजी (ङ) क्रेयोल (च) परी तालाब

८.

1. iv 2. vi 3. ii 4. iii 5. i 6. v

९ .

(क) जब हिरनों के झुंड ने महसूस किया कि सिंह उन पर नजर रखे हुए हैं, तो उन्होंने चरना भूलकर चौकन्ने हो उठे।

(ख) झुंड से कुछ हिरन अलग होकर एक तरफ भाग गए।

(ग) गद्यांश के अनुसार, सिंह सूर्यास्त के बाद शिकार करते हैं। वे पूरे झुंड पर हमला नहीं करते, बल्कि उस जानवर को अपना शिकार बनाते हैं जो भागते समय झुंड से पीछे छूट जाता है। इसलिए हिरन समझ गए कि अगर वे भागेंगे तो जो हिरन पीछे छूट जाएगा, वही शिकार बन जाएगा। इसीलिए वे एक जगह खड़े होकर शिकारी को उलझाने की कोशिश करते हैं।

१० .

(क) चिड़ियाघर (ख) पर्यटक (ग) भूमध्य रेखा (घ) प्राणवत्ता (ङ) टापू
(च) संस्कृति

११.

अंग्रेजी : सर्विस, एयर इंडिया, नेशनल पार्क, मोटरों, कोलेज, पिकनिक
अरबी : इजाजत, क्रिस्तान, बाकि, पैमाना, बखूबी
फारसी : रकबा , नज़र